# जनभागीदारी समिति की बैठक

दिनांक 20/3/15

महाविद्यालयीन जनभागीदारी सामान्य परिषद् एवं प्रबंधन समिति की बैठक दिनांक 20 मार्च 2015 को प्रातः 11:00 बजे प्राचार्य कक्ष में समिति अध्यक्ष श्री कमल सोलंकी (एस.डी.एम.) की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में सम्मानीय सदस्यों की उपस्थिति निम्नानुसार रही :-

[1] श्री कमल सोलंकी - कार्यवाहक अध्यक्ष 20/3/15
[2] डॉ. अर्चना वर्मा - सचिव / प्राचार्य
[3] श्रीमती सुषमा यादव - सदस्य (सांसद प्रतिनिधि) 20/3/15
[4] श्रीमती दीप्ति चंदेरिया - सदस्य (विधायक प्रतिनिधि)
[5] डॉ. पद्मा आचार्य - प्रभारी जनभागीदारी
[6] डॉ. संजय खरे - सदस्य जनभागीदारी
[7] डॉ. आनंद तिवारी - विशेष आमंत्रित सदस्य

बैठक में निर्धारित एजेण्डा पर बिन्दुवार विचार विमर्श के उपरांत निम्नांकित प्रस्ताव पारित किए गए -

(1) महाविद्यालय में निरंतर छात्र संख्या में वृद्धि होने के कारण एवं सेमेस्टर तथा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षाओं के आयोजन हेतु बैठक व्यवस्था के लिए पर्याप्त फर्नीचर उपलब्ध नहीं है। वर्तमान में नवनिर्मित (14) कक्ष बनकर तैयार है जिसमें फर्नीचर की व्यवस्था की जाना नितांत आवश्यक है। इसलिए छात्र टेबिल, कुर्सियां लैब टेबिल तथा अन्य आवश्यक फर्नीचर Federation से क्रय किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। इस हेतु रू. 20,00,000 अंकन बीस लाख रू. व्यय किए जायेंगे जिसमें से जिला योजना समिति के द्वारा 10,00,000/-

अंकन दस लाख रु० एवं जनभागीदारी द्वारा 10,00,000/- अंकन दस लाख व्यय किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया।

(2) महाविद्यालय एवं परिसर स्थित छात्रावास की सुरक्षा हेतु जनभागीदारी समिति द्वारा वर्ष 2006-07 से तीन सुरक्षा गार्ड रखे गए हैं। उक्त सुरक्षा गार्ड कैप्टन सिक्योरिटी सर्विस सागर द्वारा उपलब्ध कराए गए थे जिन्हें प्रतिमाह 11500/- मानदेय भुगतान किया जा रहा है उक्त सिक्योरिटी द्वारा लगातार मानदेय में वृद्धि की मांग की जा रही है एवं वर्तमान में 6 गार्ड की व्यवस्था की जाना है। अतः नवीन व्यवस्था एवं मानदेय निर्धारण हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाने की अनुमति प्रदान की गई। एवं वर्तमान में कार्यरत सुरक्षा गार्डों की भुगतान राशि 1,38,000/- अंकन एक लाख अड़तीस हजार मात्र के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

(3) छात्र संख्या की वृद्धि को देखते हुए पुस्तकालय में पुस्तकें क्रय करने हेतु जनभागीदारी मद से 1,00,000/- अंकन एक लाख रु० व्यय करने का अनुमोदन किया गया।

(4) महाविद्यालय में कार्यरत एक माली अंशकालिक, एक इलेक्ट्रीशियन एवं एक स्वीपर को भुगतान करने की अनुमति प्रदान की गई।

(5) महाविद्यालय में छात्र संख्या में वृद्धि के कारण (01) एक अंशकालिक सफाई कर्मचारी को रखने एवं भुगतान करने की अनुमति प्रदान की गई।

(6) महाविद्यालय परिसर से कचरा इकट्ठा करने हेतु (05) डस्टबिन बड़े साइज स्टैंड सहित क्रय हेतु अनुमानित व्यय रु० 10,000/- अंकन दस हजार मात्र व्यय करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

(7) मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापना हेतु स्टेज का निर्माण किया जाए और उसका प्राक्कलन लोक निर्माण विभाग द्वारा प्राप्त करने की अनुशंसा की गई है।

(8) महाविद्यालय छात्रावास भवन के पास लेडीज टायलेट के निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग से प्राप्त प्राक्कलन के अनुसार 5,27,000/- अंकन पांच लाख सत्ताईस हजार मात्र व्यय करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

(9) नवनिर्मित कक्षों में 02 वाश बेसिन एवं नल फिटिंग हेतु रू० 30,000/- अंकन तीस हजार मात्र व्यय की अनुमति प्रदान की गई।

(10) कन्या छात्रावास की सुरक्षा हेतु बाहरी दीवारों को ऊँचा करने हेतु लोनिवि सागर से प्राप्त प्राक्कलन अनुसार रू० 5,50,000/- अंकन पांच लाख पचास हजार व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई।

(11) शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय परिसर में वाई-फाई कनेक्शन किया जाना है, जिसमें भारत संचार निगम लिमिटेड कार्यालय सागर से प्राप्त अनुमानित प्राक्कलन राशि 13,83,144/- अंकन तेरह लाख तिरासी हजार एक सौ चवालीस रुपये के व्यय की अनुमति प्रदान की गई।

(12) महाविद्यालय में जनभागीदारी द्वारा संचालित स्ववित्तीय पाठ्यक्रमों में 30 अतिथि विद्वान, 9 कुशल श्रमिक, 10 अकुशल श्रमिकों का पारिश्रमिक व्यय लगभग 4,12,000/- अंकन चार लाख, बारह हजार रुपये के भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई।

(13) महाविद्यालय के विभिन्न लेखानुदानों का अंकेक्षण लंबित है, शासन के निर्देशानुसार सी० ए० द्वारा अंकेक्षण किया जाना है, इस हेतु वर्ष 2008-09 से 2013-14 तक शासकीय कैशबुक, पी०डी० स्वशासी, ए० एफ, क्रीड़ा, छात्रावास, केन्टीन, विश्वविद्यालय परीक्षा संबंधी कैशबुक का अंकेक्षण श्री दुष्यंत गोयल विगत वर्षों से करते रहे हैं अतः 6 वर्षों के अंकेक्षण कार्य हेतु 15,000/- प्रतिवर्ष की दर से कुल 90,000/- अंकन नब्बे हजार की राशि व्यय करने की अनुमति प्रदान की गई।

(14) कम्प्यूटर प्रयोगशाला में 79 कम्प्यूटर उपलब्ध हैं

जिनमें से 25 कम्प्यूटर पुराने मॉडल के हैं, जिसके कारण छात्राओं का प्रायोगिक कार्य प्रभावित हो रहा है उपरोक्त कम्प्यूटरों हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाए एवं अपग्रेडेशन कार्य करने हेतु लगभग 3,00,000/- अंकन तीन लाख रू० के व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई

(15) कार्यालय एवं महाविद्यालय के विभिन्न विभागों में स्थापित कम्प्यूटर के रख-रखाव हेतु व्यय राशि 1,00,000/- अंकन एक लाख रू. के व्यय की अनुमति प्रदान की गई।

(16) नवनिर्मित 12 कक्षों हेतु 12 ब्लेक बोर्ड फेडरेशन रेट पर खरीदी हेतु लगभग 1,50,000/- अंकन एक लाख पचास हजार रू० व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई।

(17) विभिन्न छात्रवृत्ति कार्य हेतु स्टेशनरी क्रय, कम्प्यूटर मेन्टेनेन्स, कार्टिज रिफलिंग कार्य हेतु अनुमानित वार्षिक रू.15000/- अंकन पन्द्रह हजार रू० के व्यय की अनुमति प्रदान की गई।

(18) महाविद्यालय परिसर में स्वच्छ पेयजल हेतु 02 (दो) वाटर प्यूरीफायर हेतु व्यय राशि रू० 30,000/- अंकन तीस हजार के व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई।

(19) टेली से एकाउंटिंग की फीडिंग कार्य हेतु 20,000/- अंकन बीस हजार रू० अनुमानित व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई।

(20) महाविद्यालय की छात्राओं को लाभान्वित करने हेतु आयोजित योग शिविर के प्रशिक्षक को 2 माह हेतु कुशल श्रेणी में कलेक्टर दर पर भुगतान करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। योग शिविर प्रशिक्षक को विज्ञापन द्वारा आमंत्रित करने की अनुशंसा की गई।

(21) कोषालय वी० पी० एन० कनेक्शन का वार्षिक शुल्क रू० 30,000/- अंकन तीस हजार भुगतान करने संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

(22) शासन से यथासमय आवंटन के प्राप्त न होने की स्थिति में बिजली, टेलीफोन के बिलों का भुगतान करने एवं शासन से आवंटन प्राप्त होने पर भुगतान की गई राशि के समायोजन संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। अनुमानित राशि लगभग 50,000/- अंकन पचास हजार रू० के व्यय की अनुमति प्रदान की गई।

(23) एम्प्लीफाइड पोडियम राज्य सहकारी संघ, भोपाल की दर सूची (क्र० 55 पर अंकित) अनुमानित कीमत रू० 59000/- अंकन उनसठ हजार मात्र क्रय करने संबंधी प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की गई।

(24) महाविद्यालय अपलेखन समिति द्वारा 797713/- अंकन सात लाख सन्तानवे हजार सात सौ तेरह रू० की उपकरण सामग्री के अपलेखन हेतु तकनीकी विशेषज्ञ समिति गठन का प्रस्ताव किया गया था। तकनीकी विशेषज्ञ समिति के प्रतिवेदन के अनुसार कम्प्यूटर उपकरण सामग्री का संचालन संभव नहीं है। अतः उपरोक्त कार्य हेतु शासकीय नियमानुसार नीलामी करने की अनुशंसा समिति द्वारा की गई।

उपरोक्त समस्त प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।

डॉ० पद्मा आचार्य
प्रभारी, जनभागीदारी समिति

श्री कमल सोलंकी
एस० डी० एम० सागर
एवं कार्यवाहक अध्यक्ष,
जनभागीदारी समिति

डॉ० अर्चना वर्मा
प्राचार्य/सचिव
जनभागीदारी समिति

## जनभागीदारी समिति

**बैठक** दिनांक 17/12/15

महाविद्यालय जनभागीदारी प्रबंधन समिति / सम्मान्य परिषद् की बैठक दिनांक 17 दिसम्बर 2015 को दोपहर 12:00 बजे प्राचार्य कक्ष में समिति अध्यक्ष श्री एस. के. चंदेल (एस. डी. एम. सागर) की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सम्मानीय सदस्यों की उपस्थिति निम्नानुसार रही

[1] श्री एस. के. चंदेल – अध्यक्ष 17/12
[2] डॉ चंदा रत्नाकर – सचिव / प्राचार्य
[3] डॉ. एस. के. पटेरिया – वरिष्ठ प्राध्यापक
[4] श्रीमती सुषमा यादव – सांसद प्रतिनिधि
[5] श्रीमती दीप्ति चंदोरिया – विधायक प्रतिनिधि
[6] डॉ. व्ही. के. चिलले – सदस्य
[7] श्री हेमंत दुबे – सदस्य
[8] श्रीमती चेतना / हेमंत यादव – सदस्य
[9] डॉ. ~~कुमी~~ मेधा श्रीवास्तव – सदस्य Shrivastava
[10] हरिशंकर गौंड़ – सदस्य
[11] श्रीमती उर्मिला सोनी – सदस्य
(12) राजीव बंसल – सदस्य
[13] डॉ. आनंद तिवारी – महावि. समिति सदस्य
[14] डॉ. देवेन्द्र सिंह राजपूत –
[15] डॉ. संजय खरे
[16] श्री जे. पी. यादव – विशेष आमंत्रित सदस्य
[17] डॉ. प्रेम चतुर्वेदी
[18] डॉ. पद्मा आचार्य – प्रभारी जनभागीदारी

बैठक में निर्धारित एजेण्डा पर बिन्दुवार विचार विमर्श के उपरांत निम्नांकित प्रस्ताव पारित

किए गए -

(1) महाविद्यालय की छात्राओं को लाभान्वित करने तथा उन्हें आत्मरक्षा हेतु प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित योग शिविर एवं कराते शिविर के प्रशिक्षक को 2 माह हेतु कुशल श्रेणी में कलेक्टर दर पर भुगतान करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। प्रशिक्षक को विज्ञापन द्वारा आमंत्रित करने तथा शिविर संबंधी सम्पूर्ण जानकारी का प्रतिवेदन जनभागीदारी प्रभारी को उपलब्ध कराने की अनुशंसा की गई।

(2) महाविद्यालय पाठ्येत्तर शैक्षणिक गतिविधियों के विकास, उपलब्धियों हेतु वार्षिक पत्रिका सुरभि के प्रकाशन हेतु लगभग रु. 1,00,000/- (अंकन एक लाख) के व्यय की स्वीकृति दी गई।

(3) महाविद्यालय के विभिन्न विभागों में प्रायोगिक कार्यों के निमित्त रु. 1,50,000/- (अंकन एक लाख पचास हजार) की राशि आवंटित करने के लिए प्राचार्य को अधिकृत करने संबंधी प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया।

(4) जनभागीदारी समिति के पूर्व निर्णयानुसार 30 (तीस) निर्धन छात्राओं को शुल्क वापिसी का प्रावधान किया गया है। इस हेतु प्रस्तावित राशि रु. 1,00,000/- (अंकन एक लाख) के प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया।

(5) पाठ्यक्रम की परिपूर्ति हेतु वनस्पति शास्त्र एवं प्राणिशास्त्र की छात्राओं के शैक्षणिक भ्रमण हेतु लगभग रु. 60,000/- (अंकन साठ हजार) तथा भूगोल विभाग की छात्राओं के शैक्षणिक भ्रमण हेतु रु. 25,000/- (पच्चीस हजार) की राशि स्वीकृत की गई।

(6) महाविद्यालय में जनभागीदारी द्वारा संचालित स्ववित्तीय पाठ्यक्रमों की अध्यापन व्यवस्था में संलग्न 30 (तीस) अतिथि विद्वानों के मानदेय एवं 9 कुशल श्रमिक, 10 अकुशल श्रमिकों का पारिश्रमिक व्यय लगभग 4 लाख 12 हजार के भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई।

(7) महाविद्यालय की गृहविज्ञान के अंतर्गत स्ववित्तीय आधार पर संचालित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम हेतु अगले सेमेस्टर (जनवरी-2016) से एक अतिरिक्त अतिथि विद्वान को रखने के प्रस्ताव

को स्वीकृत किया गया।
(8) विगत वर्षों की भाँति जनभागीदारी समिति के वित्तीय रिकार्ड संधारण हेतु अंशकालिक लिपिक के पारिश्रमिक भुगतान का अनुमोदन किया गया।
(9) महाविद्यालय परिसर एवं छात्रावास की सुरक्षा हेतु रखे गए गार्ड्स के लिए रू. 30,3660/- (अंकन - तीन लाख, तीन हजार छः सौ साठ) पारिश्रमिक भुगतान के अनुमोदन का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया।
(10) महाविद्यालय के कन्या छात्रावास में रखे गए 6 दैनिक श्रमिकों के पारिश्रमिक भुगतान के अनुमोदन का प्रस्ताव मान्य किया गया।
(11) महाविद्यालय में संचालित स्ववित्तीय पाठ्यक्रमों की आवश्यकतानुसार स्टेशनरी आदि हेतु लगभग रू. 50,000/- (पचास हजार) के व्यय प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई।
(12) महाविद्यालय में स्थापित जिम्नेजियम के उपयुक्त संचालन हेतु कलेक्टर दर पर कुशल प्रशिक्षक रखने की स्वीकृति के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।
(13) महाविद्यालय के विभिन्न आकस्मिक व्यय यथा मजदूरी, विद्युत उपकरणों के अनुरक्षण आदि के निमित्त रू. 1,00,000/- (एकलाख) वार्षिक के लिए प्राचार्य को अधिकृत करने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया।
(14) छात्रावास में आकस्मिक परिस्थिति में त्वरित चिकित्सा उपलब्ध कराने हेतु पूर्वानुसार मेडिकल आफीसर की व्यवस्था के अनुमोदन का प्रस्ताव मान्य किया गया।
(15) जनभागीदारी समिति की विभिन्न बैठकों की व्यवस्था तथा स्टेशनरी आदि के निमित्त लगभग रू. 25,000/- (पच्चीस हजार) के व्यय की अनुमति के प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की गई।
(16) मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार आधार पाठ्यक्रम एवं अन्य विषयों में अतिथि विद्वानों को दैनिक रू. 200/- प्रति पीरियड अधिकतम रू. 600/- पारिश्रमिक भुगतान के अनुमोदन को स्वीकृति प्रदान की गई।

(17) छात्राओं की संख्या एवं कार्य की अधिकता को ध्यान में रखते हुए 5 दैनिक (पांच) श्रमिक (कुशल/अकुशल) को कलेक्टर दर पर रखने के प्रस्ताव की अनुशंसा की गई।
(18) महाविद्यालय में कायरिन (स्वीपर) सफाई कर्मचारी को पूर्णकालिक दर पर भुगतान करने की अनुमति संबंधी प्रस्ताव को मान्य किया गया।
(19) माँ सरस्वती जी की प्रतिमा स्थापना हेतु उपयुक्त स्थान पर स्टेज का निर्माण करने और उसका प्राक्कलन लोक निर्माण विभाग द्वारा प्राप्त करने की अनुशंसा की गई। इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।
(20) स्वशासी मद से महाविद्यालयीन कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने एवं प्रायोगिक विषयों में शैक्षणिक भ्रमण हेतु 24 सीटर वाहन क्रय करने की अनुमति संबंधी प्रस्ताव को शासन के पास भेजने की अनुशंसा की गई।
(21) शासन के निर्देशानुसार स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर में सर्वाधिक अंक पाने वाली छात्राओं को गोल्ड एवं सिल्वर मेडल तथा कांस्य पदक प्रदान करने की अनुमति प्रदान की गई।
(22) छात्राओं के व्यावसायिक रुझान को दृष्टिगत रखते हुए स्ववित्तीय आधार पर बैचलर ऑफ लाइब्रेरी साइंस (बी.लिब.एससी) पाठ्यक्रम को आरंभ करने हेतु शासन से अनुमति प्राप्त करने संबंधी प्रस्ताव की अनुशंसा की गई।
(23) स्ववित्तीय आधार पर स्नातकोत्तर स्तर पर प्रसार शिक्षा पाठ्यक्रम को आरंभ करने हेतु शासन से अनुमति हेतु भेजने संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।
(24) पुस्तकालय का रीडिंग शुल्क रू. 25/- में वृद्धि कर रू. 50/- (पचास) करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।
(25) पुस्तकालय में विगत अनेक वर्षों से निर्धारित कॉशन मनी शुल्क रू. 60/- में वृद्धि करते हुए उसे रू. 300/- (तीन-सौ) करने के प्रस्ताव की अनुशंसा की गई।
(26) महाविद्यालय में संचालित स्ववित्तीय पाठ्यक्रम के अंतर्गत रू. 395000/- (अंकन तीन लाख पंचानवे हजार) तथा पूर्वप्रगत

नियमित पाठ्यक्रमों हेतु स्नातक कक्षाओं के लिए रू. सात लाख (7,00,000/-) एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए रू. तीन लाख (3,00,000/-) की विभिन्न विषयों की पुस्तकें क्रय करने संबंधी प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया।

(27) पुस्तकालय के सामने रिक्त पड़ी भूमि पर भूतल में पार्किंग एवं प्रथम तल पर हॉल का निर्माण तथा 12 अतिरिक्त कक्षों की सीढ़ी के बाजू से फीस काउंटर के निर्माण कार्य हेतु प्राप्त प्राक्कलन रू. 3702000/- (सैंतीस लाख दो हजार) को स्वीकृत किया गया।

(28) छात्राओं की रुचि एवं मांग के अनुसार गणित विषय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम को आरंभ करने हेतु शासन से अनुमति प्राप्त करने संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

(29) महाविद्यालय में कार्यरत अतिथि विद्वानों को संबंधित विषय में प्रायोगिक कार्यों को सम्पन्न कराने पर स्वशासी मद से रू. 400/- (चार सौ) मानदेय भुगतान करने संबंधी प्रस्ताव को मान्य किया गया।

(30) महाविद्यालय के कन्या छात्रावास की मेस हेतु रिलायंस गैस कनेक्शन क्रय करने संबंधी प्रस्ताव को अनुमति प्रदान की गई।

(31) कन्या छात्रावास के हॉल तथा 8 सेट बाथरूम के रिनोवेशन कार्य पर अनुमानित व्यय राशि लगभग रू. 1,50,000/- (एक लाख पचास हजार) के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

(32) महाविद्यालय में कॉपरेटिव सोसाइटी द्वारा संचालित मेस एवं केन्टीन में कार्यरत य रसोइयों के मानदेय भुगतान का अनुमोदन किया गया।

उपरोक्त सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।

| | | |
|---|---|---|
| डॉ. पद्मा आचार्य | श्री सुरेश कुमार चंदेले | डॉ. चंदा रत्नाकर |
| प्रभारी, जनभागीदारी | एम. डी. एम. सागर / | प्राचार्य / सचिव |
| समिति | कार्यवाहक अध्यक्ष | जनभागीदारी |

जनभागीदारी वित्त समिति बैठक

दिनांक 04.01.2016

स्थान प्राचार्य कक्ष

समय 3:30

उपस्थित सदस्य गण

(01) डॉ. चंदा रत्नाकर अध्यक्ष

(02) डॉ. आनंद तिवारी सदस्य

(03) श्री मनोज जैन सदस्य जिला कोषालय सागर

(04) श्री यशवंत जैन सदस्य, भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

जनभागीदारी वित्त समिति द्वारा अनुमानित आय-व्यय बजट वित्तीय वर्ष 2016-17 का अनुमोदन विषयक :

अनुमानित आय-व्यय फंड प्रस्तावित वर्ष 2016-17

(I) Estimated Income

| | |
|---|---|
| (a) Bank Balance 01.04.2015 | 5857980 |
| Total (a) | 5857980 |
| (b) Income from Various Heads: | |
| i Fee from Self Finance Deptt. | 10003000 |
| ii Fee from Professional Finance Deptt. | 1932000 |
| iii Private-Examination Fee | 160000 |
| iv Development Fee | 2400000 |
| v Interest from FDR | 300000 |
| Total (b) | 14795000 |
| Total (a+b) | 20652980 |

(II) Estimated Expenditure:

Hon.

| | |
|---|---|
| (i) Guest Faculty 35×600×26×11 | 6006000 |
| (ii) Skilled labour 11×8810×11 (294 Per day) | 1066010 |
| (iii) Unskilled labour 14×6575×11 (219 Per day) | 1012550 |

| | |
|---|---|
| (iv) Security Guard | 350000 |
| (v) Subject Expert | 50000 |
| Total (a) | 8484560 |
| (b) Sundry Expenses | |
| (i) Karate Training Expenses | 25000 |
| (ii) Surbi Publications | 100000 |
| (iii) Practical Expenses | 150000 |
| (iv) Poor Student Fee Refund | 100000 |
| (v) Education Tour | 85000 |
| (vi) Stationery Exp. | 50000 |
| (vii) Casual Exp | 100000 |
| (viii) Meeting Exp. | 25000 |
| (ix) Fuel Exp. | 60000 |
| (x) Electricity and Telephone Exp | 400000 |
| (xi) Books for self Finance Courses | 1390000 |
| (xii) Other Expenses | 300000 |
| Total (b) | 1790000 |
| Total (a+b) | 10274560 |
| (c) Surplus - (Estimated Income - Estimated Expenditure) | 10378420 |

04/01/16

(डॉ. चंदा रुमाडर)
प्राचार्य
शास. स्वशासी स्नात. महा.
नपाद

## जनभागीदारी समिति की बैठक

4/6/2016

महाविद्यालयीन जनभागीदारी सामान्य परिषद एवं प्रबंधन समिति की बैठक दिनांक 4 जून 2016 को दोपहर 3:30 बजे प्राचार्य कक्ष में समिति अध्यक्ष श्री एस. के. चंदेल (एस.डी.एम.) की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सम्माननीय सदस्यों की उपस्थिति निम्नानुसार रही।

[1] श्री एस. के. चंदेल — अध्यक्ष
[2] डॉ. चंदा रत्नाकर — सचिव / प्राचार्य
[3] डॉ. ए. के. पटेरिया — वरिष्ठ प्राध्यापक
[4] श्रीमती सुषमा यादव — सांसद प्रतिनिधि
[5] " दीप्ति चंदेरिया — विधायक प्रतिनिधि
[6] डॉ. वी. के. चितले — सदस्य
[7] श्री प्रदीप रांधेलिया — सदस्य
[8] श्री हेमंत दुबे — सदस्य
[9] श्रीमती चेतना / हेमंत — सदस्य
[10] श्री हरिशंकर गौड़ — सदस्य
[11] श्रीमती उर्मिला सोनी — सदस्य
[12] श्री राजीव नायक — सदस्य
[13] डॉ. पी. के. दुबे — सदस्य 4/6/2016
[14] श्री शंभूप्रसाद सोनी — सदस्य
[15] श्री रवि रैकवार — सदस्य
[16] सुश्री मेघा श्रीवास्तव — सदस्य मेघा Shrivastava
[17] डॉ. आनंद तिवारी — महावि. समिति सदस्य
[18] डॉ. देवेन्द्र सिंह राजपूत
[19] डॉ. संजय खरे
[20] डॉ. पद्मा आचार्य — प्रभारी, जनभागीदारी

बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओं पर विचार विमर्श के उपरान्त निम्नांकित प्रस्ताव पारित किए गए -

[1] यह प्रस्तावित किया गया कि जनभागीदारी समिति की पिछली बैठक दिनांक 17 दिसम्बर 2015 में पारित प्रस्तावों के क्रियान्वयन का विस्तृत विवरण आवश्यक सहपत्रों सहित अगली बैठक में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जावे।

[2] महाविद्यालय को आवंटित दस एकड़ भूमि की सुरक्षा हेतु बाउन्ड्री वॉल के निर्माण हेतु लोनिवि से प्राक्कलन प्राप्त कर अगली बैठक में प्रस्तुत करने पर निर्माणकार्य की स्वीकृति प्रदान की गई।

[3] मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 2009 अधिनियम के अनुसार पी. एच. डी. अथवा नेट योग्यताधारी अतिथि विद्वानों के मानदेय में सत्र 2015-16 से की गई वृद्धि के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। शासन के निर्देशानुसार पात्र अतिथि विद्वानों को सत्र 2015-16 से प्रति कालखंड रू. 275/- एवं अधिकतम रू 825/- मानदेय प्रतिदिन की स्वीकृति प्रदान की गई।

[4] गृहविज्ञान विभाग में रिक्त पद के विरुद्ध कलेक्टर रेट पर कुशल श्रेणी में एक दैनिक वेतन भोगी की व्यवस्था हेतु अनुमति प्रदान की गई।

(5) महाविद्यालय में स्ववित्तीय आधार पर संचालित पाठ्यक्रमों के वार्षिक शुल्क का पुर्ननिर्धारण निम्नानुसार स्वीकृत किया गया :-

(1) बी. सी. ए. — रू. 12,000 = 00
(2) बी. बी. ए. — रू. 8,000 = 00
(3) बायोटेक्नोलॉजी — रू. 8,000 = 00
(4) औद्योगिक माइक्रोबायो. — रू. 8,000 = 00
(5) औद्योगिक रसायन — रू. 8,000 = 00
(6) एम. एस. सी प्राणीशास्त्र — रू. 8,000 = 00
(7) एम. एस. सी. भौतिकशास्त्र — रू. 8,000 = 00
(8) कम्प्यूटर एप्लीकेशन — रू. 5,000 = 00

(9) एम.ए. भूगोल — रु. 5000=00
(10) एम. ए. इतिहास — रु. 5000=00
(11) एम. एस-सी (एच.एस-सी)
फूड एंड न्यूट्रीशन रु. 5000=00

[6] महाविद्यालय के सुरक्षा गार्ड्स को 303660/-(तीन लाख तीन हजार छः सौ साठ) वार्षिक भुगतान किया जा रहा था। सुरक्षा एजेंसी की मांग के आधार पर सुरक्षा गार्ड्स के मानदेय में वृद्धि करते हुए रु. 404880/- (रु. चार लाख चार हजार आठ सौ अस्सी) वार्षिक भुगतान की अनुमति का अनुमोदन किया गया।

[7] महाविद्यालय में सहकारी आधार पर संचालित केन्टीन हेतु एक अतिरिक्त दैनिक श्रमिक की वृद्धि के प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गई।

[8] महाविद्यालय जनभागीदारी समिति बैठकों में निरंतर अनुपस्थित सदस्यों के स्थान पर उसी संवर्ग के अन्य सदस्यों के मनोनयन तथा अभिभावक प्रतिनिधि के रिक्त स्थान पर मनोनयन किए जाने की अनुमति प्रदान की गई

उपरोक्त सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।

| | | |
|---|---|---|
| डॉ. पद्मा आचार्य | श्री एस. के. चंदेल | डॉ. पद्मा रत्नाकर |
| प्रभारी जनभागीदारी | एवं डी. एम. सागर | प्राचार्य / सचिव |
| समिति | कार्यवाहक अध्यक्ष | जनभागीदारी |

# जनभागीदारी समिति बैठक

दि० 24/09/16

महाविद्यालय जनभागीदारी प्रबंधन | सामान्य परिषद की बैठक दिनांक 24/9/2016 को दो० 3.00 बजे प्राचार्य कक्ष मे समिति के अध्यक्ष श्री एस०के० चंदेल (एस.डी.एम सागर की अध्यक्षता मे आयोजित की गई। बैठक मे सम्मानीय सदस्यों की उपस्थिति निम्नानुसार रही।)

(1) श्री एस.के. चंदेल - अध्यक्ष
(2) डॉ. चन्दा रत्नाकर - सचिव | प्राचार्य [signature] 24/09/16
(3) श्रीमती सुषमा यादव - सांसद प्रतिनिधि
(4) श्रीमती दीप्ति चंदेरिया - विधायक प्रतिनिधि
(5) श्री हेमंत दुबे - सदस्य [signature]
(6) श्री प्रदीप रांघेलिया - सदस्य
(7) श्रीमती उर्मिला सोनी -
(8) (Medha) मेधा श्रीवास्तव - Shrivastava 24/9/16
(9) श्री राजीव नायक - [signature] 24/9/16

श्रीमती चमन यादव - [signature]

मेधा श्रीवास्तव

श्री प्रदीप राघेलिया [signature]

डॉ. ए. के. पटेरिया [signature]

डॉ. सुनील श्रीवास्तव [signature]

डॉ. आलोक सहाय [signature]

डॉ. नवीन गिडियन [signature]

डॉ. संजय खरे [signature]

बैठक 24/09/2016

आज दिनांक 24/9/2016 को महाविद्यालय जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित की गई थी उक्त बैठक मे कार्यवाहक अध्यक्ष एवं एस-डी-एम- श्री संतोष चंदेल बैठक शुरु होने के पूर्व ही आक्रोषित होकर बैठक छोड़कर चले गये। अत: नियमानुसार अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष की अनुपस्थित मे सर्वसम्मती से श्री हेमंत दुबे, सदस्य को आज दिनांक की बैठक हेतु सभी सदस्यों ने अध्यक्ष नियुक्त कर विधिवत बैठक प्रारंभ की गई। बैठक मे उपस्थिती निम्नानुसार रही।

(1) श्री हेमंत दुबे – कार्यकारी अध्यक्ष [signature] 24.09.16
(2) डॉ. चन्दा रत्नाकर – सचिव [signature] 24/09/16
(3) श्री प्रदीप रांधेलिया – सदस्य [signature]
(4) श्रीमती उर्मिला सोनी – सदस्य [signature] 24.09.16
(5) श्री राजीव नायक – सदस्य [signature] 24/9/16
(6) कु० मेघा श्रीवास्तव – सदस्य [signature] 24/9/16
(7) श्रीमती चेतना यादव – सदस्य [signature]
(8) डॉ ए.के. पटेरिया – सदस्य/शिक्षक [signature]
(9) डॉ सुनील श्रीवास्तव –"–/–"– [signature]
(10) डॉ आलोक सहाय –"– [signature] 24/09/16
(11) डॉ नवीन गिडियन –"– [signature]
(12) डॉ संजय खरे –"– प्रभारी – [signature]

" बैठक मे सर्वप्रथम दि० 17/12/2015 एवं 4/6/2016 को आयोजित सामान्य परिषद एवं प्रबंधन समिति की बैठक मे पारित प्रस्तावों का अनुमोदन किया। तत्पश्चात – निर्धारित एजेंडा पर क्रमश: चर्चा उपरांत निम्न प्रस्ताव पारित किये गये। एवं पूर्व बैठक 17/12/2015 को पारित प्रस्तावो के दस्तावेज प्रस्तुत कर अनुमोदन किया गया।

(1) अतिथि विद्वान व्यवस्था

- महाविद्यालय मे सत्र 2016-17 मे छात्र संख्या मे वृद्धि होने एवं यू.जी.सी द्वारा निर्धारित कार्य-भार के आधार पर निम्न विषयों मे - वनस्पतिशास्त्र, भूगोल प्राणीशास्त्र, भौतिकशास्त्र मे 01 अतिथि विद्वान और वाणिज्य समाजशास्त्र मे 02 एवं रसायनशास्त्र मे 03 अतिथि-विद्वान जनभागीदारी मद से रखने की स्वीकृति प्रदान की गई की पारित प्रस्ताव पर आयुक्त उच्च शिक्षा का अनुमोदन प्राप्त किया जावे।

(2) आधारपाठ्यक्रम शुल्क अन्तर्गत अतिथि विद्वान

प्रति वर्ष छात्रों से आधारपाठ्यक्रम हेतु प्रथम वर्ष मे 50/-रु०, द्वितीय वर्ष मे 100/-रु तृतीय वर्ष मे 200/-रु प्रति छात्र शुल्क लिया जाता है। अतः आधारपाठ्यक्रम के अध्यापन हेतु उद्यमिता मे 02, पर्यावरण मे 02 एवं computer विषय मे 01 अतिथि विद्वान पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी रखने पर मा० सदस्यों ने सहमति व्यक्त की एवं प्रति वर्ष इस मद मे प्राप्त राशि से ही अतिथि वि० का भुगतान किया जावेगा।

(3) शैक्षणिक भ्रमण — शैक्षणिक भ्रमण हेतु समिति द्वारा विभागो को उनकी मांग अनुसार सर्वसम्मति से विभागानुसार निम्नानुसार राशि आवंटित संबंधी प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की।

(1) वनस्पतिशास्त्र विभाग मे छात्रो के भ्रमण हेतु → 40,000/-
(2) औद्योगिक रसायन शास्त्र — " — " — → 25000/-
(3) प्राणीशास्त्र विभाग — " — " — → 25000/-
(4) माइक्रोबायोलाजी विभाग मे छात्र भ्रमण + उपकरण क्रय = 80,000/-
(5) भूगोल विभाग मे — " — " — = 50,000/-

(4) रसायन शास्त्र विभाग मे छात्राओं की संख्या मे वृद्धि को

ध्यान मे रखते हुये सामग्री क्रय एवं प्रायोगिक कार्य हेतु रु० 1,00000/- (एक लाख) की राशि स्वीकृत करने संबंधी प्रस्ताव को अनुमति प्रदान की गई। (स्ववित्तीय योजनान्तर्गत अनुमानित)

(5) टायलेट निर्माण कार्य – गृह विज्ञान के बाजू मे रिक्त जगह पर गृह निर्माण मंडल से प्राप्त प्राक्कलन के आधार पर महिला टायलेट निर्माण एवं मनोविज्ञान विभाग के बाजू मे पुरुष टायलेट निर्माण के प्रस्ताव पर माननीय सदस्यो ने स्वीकृति प्रदान करी।

(6) पुस्तकालय हेतु सामग्री क्रय – पुस्तकालय विभाग को, प्राप्त 17 computer रखने हेतु प्लाईवोर्ड टेबिल का निर्माण करवाने एवं 17 नग कुर्सी एवं पुस्तक रखने हेतु 10 नग स्टील रैक क्रय करने संबंधी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

(7) पुस्तकालय सदस्यता शुल्क – पुस्तकालय विभाग अन्तर्गत E-library की N-list सदस्यता शुल्क की राशि रु० 5000/- एवं Tax 15% का भुगतान जनभागीदारी मद से करने संबंधी प्रस्ताव पारित किया गया। यह प्रति वर्ष देय होगा।

(8) विभागीय आकस्मिक मद – समिति ने सर्वसम्मति से, महाविद्यालय के विभिन्न विभागो को उनके कार्यालय मे व्यय हेतु आकस्मिक निधि रु० 3000/- व्यय करने की स्वीकृति प्रदान करी।

(9) संगीत विभाग – संगीत विभाग मे वाद्य यंत्रो की मरम्मत हेतु 20,000/- रु० एवं ड्रेस क्रय हेतु रु० 15000/- की स्वीकृति प्रदान करी गई। स्ववित्तीय आधार पर एम.ए. गायन की कक्षाये आरंभ करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

(10) प्रायोगिक कार्य हेतु बजट – महाविद्यालय के विभिन्न विभागों मे प्रायोगिक कार्य हेतु वर्तमान मे पूर्वनिर्णय अनुसार 150,000/- की राशि वितरित की जाती है। किन्तु बढ़ती हुई छात्र संख्या के कारण समिति द्वारा उक्त राशि मे वृद्धि कर इसे बढ़ाकर रु० 2,00000/- (दो लाख) करने संबंधी प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त कर पारित किया गया। एवं Botany, Home Sc. विभाग मे प्रा० कार्य हेतु 50 स्टूल, क्रय का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया।

(11) प्राचार्य निधि मे वृद्धि

महाविद्यालय के विभिन्न आकस्मिक व्यय हेतु प्राचार्य की विवेक निधि रु 10000/- (एक लाख) को बढ़ाकर रु. 200000/- (दो लाख) करने संबंधी प्रस्ताव को मान्य किया गया।

(12) सामग्री क्रय – छात्राओं को विभिन्न सूचनाओं से अवगत कराने हेतु 06 नग सूचना बोर्ड नियमानुसार क्रय करने की अनुमति प्रदान करी गई। एवं कार्यालयीन उपयोग हेतु 10 नग स्टील अलमारी की स्वीकृति प्रदान की।

(13) अतिथि विद्वान मानदेय भुगतान

महाविद्यालय मे जनभागीदारी समिति के पूर्व निर्णय अनुसार कार्यरत 30 एवं आधार विषय मे कार्यरत 05 अतिथि विद्वानो का भुगतान शासन द्वारा नियुक्त अति० विद्वानों को प्रदत्त मानदेय की दर के अनुसार और साथ ही पूर्व से कार्यरत 30 (कुशल एवं अकुशल) दैनिक श्रमिकों का भुगतान कलेक्टर दर पर किये जाने संबंधी प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया।

(14) प्रवेश एवं परीक्षा शुल्क मे विलम्ब शुल्क

महाविद्यालय मे एम.पी. ऑन लाईन के माध्यम से प्रवेश शुल्क एवं परीक्षा शुल्क लिया जाने लगा है चूंकि कतिपय छात्रायें लापरवाही अथवा अन्य

- किसी कारण से शुल्क निर्धारित तिथि तक जमा नही कर पाती हैं, तो समिति द्वारा निर्णय लिया गया है कि ऐसी छात्राओं को विलम्ब शुल्क सहित शुल्क भरने की पात्रता होगी। उक्त विलम्ब शुल्क शासन एवं विश्वविद्यालय के नियमानुसार निर्धारित होगी।

(15) कराते एवं योग शिविर — समिति द्वारा क्रीड़ा विभाग अन्तर्गत 02 कराते एवं 02 योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने संबंधी प्रस्ताव को स्वीकृत किया।

(16) प्राचार्य के वित्तीय अधिकार — म.प्र. राजपत्र दिनांक 20/02/2015 भोपाल मे जनभागीदारी निधि अन्तर्गत प्राचार्य के वित्तीय अधिकारों की यथावत पुष्टि कर अंगीकृत किया गया।

उक्त सभी प्रस्तावो पर सदन द्वारा स्वीकृति प्रदान कर- विधिवत बैठक अध्यक्ष महो० की अनुमति उपरांत बैठक समाप्त की गई।

| | | |
|---|---|---|
| डॉ संजय खरे | श्री हेमंत दुबे | डॉ चंदा रत्नाकर |
| प्रभारी जनभागीदारी समिति | अध्यक्ष (कार्यवाहक) जनभागीदारी समिति | प्राचार्य / सचिव जनभागीदारी |

जनभागीदारी समिति बैठक

दि० 20/4/2017

महाविद्यालय जनभागीदारी प्रबंधन / सामान्य परिषद की बैठक आज दि० 20/4/2017 को शाम 4.00 बजे प्राचार्य कक्ष मे समिति अध्यक्ष एवं कलेक्टर मा० श्री विकास नरवाल जी की अध्यक्षता मे आयोजित की गई। बैठक मे सम्मानीय सदस्यों की उपस्थित निम्नानुसार रही।

(1) श्री विकास नरवाल — अध्यक्ष
(I.A.S.)
(2) डॉ० ए.के. पटेरिया — सचिव
(3) श्रीमती सुषमा यादव — सदस्य
(4) डॉ० पी.के. दुबे — -"- 20/4/2017
(5) श्री हेमंत दुबे — -"-
(6) श्री हरीसिंह गौड़ — -"-
(7) मेधा श्रीवास्तव — -"-
(8) डॉ० सुनील श्रीवास्तव
(9) डॉ० आलोक सहाय
(10) डॉ० नवीन गिडियन
(11) श्रीमती उर्मिला सोनी — -"-

आज दिनांक 20/4/2017 को महाविद्यालय जनभागीदारी समिति की बैठक मा० अध्यक्ष / कलेक्टर महो० की अध्यक्षता मे आहूत होना थी। निर्धारित समय पर कलेक्टर महो० से व्यक्तिगत मुला० से समिति प्रभारी डॉ० संजय खरे द्वारा बैठक के संबंध मे अवगत कराया गया प्रतिउत्तर मे मा० अध्यक्ष महो० द्वारा जिला पंचायत मे बैठक एवं व्यस्तता के कारण आज आयोजित बैठक को आगामी दिवस मे करने के निर्देश दिये।

अत: अध्यक्ष महो० के निर्देशानुसार आज की बैठक अध्यक्ष महो० द्वारा प्रदत्त दिनांक मे आयोजित की जावेगी। एवं इसकी सूचना से मा० सदस्यों को अवगत करवाया जावेगा।

20.4.17

कार्यालय, प्राचार्य, शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय सागर

जनभागीदारी वित्त समिति बैठक

दिनांक 26.04.2017

स्थान: प्राचार्य कक्ष

समय अपरान्ह 4.00 बजे

उपस्थिति अभिलेख:

डॉ. ए. के. पटेरिया

डॉ. आनंद तिवारी

डॉ. नवीन गिडियन

श्री यशवंत जैन

श्री आर के चिरौलिया

आय-व्यय - वास्तविक आयव्यय 2016-17 अनुमानित आय व्यय 2017-18

| S.No. | | |
|---|---|---|
| | [I] Estimated Incomes: | 22622373 |
| | (a) Bank balance on 01.04.2016 | ~~[illegible]~~ |
| | Total (a) | ~~[illegible]~~ 22622373 |
| | (b) Income from various heads: | |
| | (i) Fee from self Finance Deptt. | 950,000 |
| | (ii) Fee from Professional Course Deptt | 1350,000 |
| | (iii) Private Examination Fee (1500 @ Rs 400) | 6,00,000 |
| | (iv) Development Fee (9500 @ Rs 400) | 38,00,000 |
| | (v) Interest on Saving bank A/c | 1250,000 |
| | Total (b) | 7950000 |
| | Grand Total (a+b) | 30572373 |
| | [II] Estimated Expenditure: | |
| | (a) Regular Exp | |
| | (i) Guest Faculty | 4800000 |
| | (ii) Skilled/Semi skilled/Unskilled | 2400000 |
| | (iii) Security Guard | 440000 |
| | (iv) Subject Expert Remuneration | 15000 |
| | (b) Sundry Expenses : | |

| | |
|---|---|
| (i) Karte Training Expenses | 45000 |
| (ii) Surbhi Patrika Publication | 100000 |
| (iii) Poor Student Fee Refund | 35000 |
| (iv) Education Tour | 80000 |
| (v) Stationery Expenses | 80 000 |
| (vi) Fuel Expenses | 15000 |
| (vii) Electricity / Telephone Expenses | 175000 |
| (viii) Fee Refund | 16000 |
| (ix) Computer / Photo copy Machine Repairing & Maintenance | 450,000 |
| (x) Practical Expenses | 60,000 |
| (xi) Meeting Expenses | 15,000 |
| (xii) Books For self finance / Professional Courses | 800,000 |
| (xiii) Casual Expenses | 50,000 |
| (xiv) Other Expenses | 45,000 |
| (xv) Audit fee | 12000 |
| (B) Total Expenditure | 9633000 |
| Balance (A-B) | 20939373 |
| Estimated Balance For 2017-18 | 20939373 |

[signature]

## जनभागीदारी समिति की बैठक

दि० 24/8/2017

महाविद्यालयीन जनभागीदारी सामान्य परिषद एवं प्रबंधन समिति की बैठक दिनांक 24/8/2017 को शाम 5-00 बजे प्राचार्य कक्ष मे समिति अध्यक्ष कलेक्टर मा० श्री आलोक कुमार सिंह की अध्यक्षता मे आयोजित की गई। बैठक मे सम्मानीय सदस्यों की उपस्थिति निम्नानुसार रही।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | मा० श्री आलोक कुमार सिंह (आई.ए.एस) | अध्यक्ष | हस्ताक्षर [signature] |
| 2 | श्रीमती दीप्ति चंदेरिया | विधायक प्रतिनिधि | Deepti Chadey |
| 3 | श्रीमती सुषमा यादव | सांसद प्रतिनिधि | [signature] |
| 4 | श्रीमती उर्मिला सोनी | सदस्य | [signature] |
| 5 | श्री हेमत दुबे | -॥- | [signature] |
| 6 | डॉ पी.के दुबे | -॥- | [signature] 24.8.2017 |
| 7 | मेधा श्रीवास्तव | -॥- | [signature] |
| 8 | ए.के. चौरसिया | PWD | [signature] 24/8/17 |
| 9. | उपयन्त्री | PWD P.W. Engr | [signature] 24/8/2017 |
| 10 | डॉ आनंद तिवारी | | [signature] |
| 11. | डॉ. सुनील श्रीवास्तव | | [signature] |
| 12. | डॉ संजय खरे | | [signature] |

बैठक मे कार्यवाही का प्रारंभ मा० अध्यक्ष महो० की अनुमति से प्रारंभ किया गया एवं समिति के समक्ष प्रस्तुत एजेण्डा पर चर्चा अनुसार निम्न प्रस्तावो पर सहमति / स्वीकृति प्रदान की गई।

(1) दिनांक 24-9-2016 को आयोजित बैठक मे पारित प्रस्तावो के क्रियान्वयन पर चर्चा उपरांत उनका अनुमोदन किया गया।

2) विभिन्न शैक्षणिक विभागो मे शैक्षणिक भ्रमण हेतु स्वीकृति प्रदान की गई एवं यह स्पष्ट किया गया कि भ्रमण हेतु उन्ही स्थलो एवं इकाईयो का चयन किया जावे जहाँ छात्रायें लाभान्वित हो सके।

1), वनस्पति शास्त्र विभाग की छात्राओं के भ्रमण हेतु रु. 30,000/-

2) बी.सी.ए विभाग की छात्राओं के भ्रमण हेतु रु. 30,000/-

3) जन्तुविज्ञान की छात्राओं के भ्रमण हेतु रु. 25000/-

4) भूगोल की छात्राओं के भ्रमण हेतु रु. 25000/-

5) औद्योगिक रसायन शास्त्र की छात्राओं के भ्रमण हेतु रु. 25000/-

6) इतिहास की छात्राओं के भ्रमण हेतु रु. 25000/- की राशि स्वीकृत की गई।

3) विभिन्न विभागो में उपकरण क्रय करने एवं प्रायोगिक कार्य हेतु जो राशि पूर्व वर्षों में दी जा रही थी उसी अनुसार सत्र 2017-18 मे राशि प्रदाय करने संबंधी प्रस्ताव को मान्य किया गया।

4) छात्राओं को स्वच्छ पेय जल उपलब्ध कराने हेतु 04 नग वाटर कूलर मय आर.ओ. के "जेम" (Govermen E. Marketing) की दर सूचि अनुसार नियमानुसार क्रय करने संबंधी प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया।

5) शासन के निर्देशानुसार वर्ष मे 03 शोध पत्रिकायें प्रकाशन हेतु एक लाख रु. के प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया।

6) महाविद्यालय को आवंटित 10 एकड़ भूमि पर बाउन्ड्री-वाल एवं समतलीकरण हेतु म.प्र. हाऊसिंग बोर्ड

द्वारा प्रदत्त प्राक्कलन को मान्य करते हुये उल्लेखित राशि रु० 01 करोड़ 12 लाख के प्रस्ताव को सर्वसम्मिति से सदन द्वारा स्वीकृत करते हुये राशि का भुगतान जनभागीदारी मद से कर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

7) समिति के समक्ष प्रस्तुत प्रस्ताव "अतिथि विद्वान जो - महाविद्यालयीन परीक्षा में दो पालियों मे वीक्षण कार्य करते हैं उन्हे केवल परीक्षा दिवसो में दो पालियो के मध्य दो० 12 बजे से 02 बजे तक 01 कालखण्ड अध्यापन की अनुमति प्रदान की गई। एक पारी मे वीक्षण कार्य करने वाले अतिथि विद्वानों को 'दो पालियों' के मध्य अध्यापन की अनुमति नही होगी।

8) महाविद्यालय मे छात्राओं को पेय जल उपलब्ध कराने हेतु परिसर मे 4" का ट्यूबवेल खनन कार्य नियमानुसार कराये जाने संबंधी प्रस्ताव को सर्वसम्मिति से मान्य किया गया।

9) महाविद्यालय के क्षतिग्रस्त फर्नीचर को जेल विभाग भेजकर मरम्मत कराने की स्वीकृति प्रदान करी गई।

10) बैठक मे मा० सदस्यों द्वारा प्राचार्य कक्ष की मरम्मत एवं रंग-रोगन हेतु लगभग 02 लाख रुपये से कार्य कराने एवं आवश्यक सामग्री क्रय करने की अनुमति प्रदान करी गई।

11) महाविद्यालय के Computer Department मे रखे हुये अनुपयोगी computer एवं सहायक सामग्री को निलाम करने हेतु सदन द्वारा नियमानुसार "राईट-आफ" हेतु पुनः शासन को सूचि उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया

12) छात्राओं की बदली हुई संख्या एवं बैठने का पर्याप्त

स्थान न होने के कारण समिति द्वारा भौतिक शास्त्र एवं जन्तु विज्ञान विभाग के सामने पोर्च में स्टील पाईप के बैरीकेड लगाकर छात्राओं की बैठक व्यवस्था करने हेतु 100 नग स्टील कुर्सियां नियमानुसार केन्द्रीय भण्डार" से क्रय करने की अनुमति प्रदान की गई।

13) छात्राओं के अध्यापन व्यवस्था हेतु 12 नग कालर माईक जेम से क्रय करने संबंधी अनुमति प्रदान की गई।

14) Computer Department में 20 नग computer's के नियमानुसार अपग्रेड कार्य कराने की अनुमति प्रदान की गई एवं इस कार्य हेतु रु० 3.50 लाख के प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया।

15) Computer Department अन्तर्गत प्रयोगशालाओं के फर्नीचर की मरम्मत हेतु रु० 2=00 लाख की राशि स्वीकृत की गई।

16) Computer Department में बिजली के सुचारु प्रबंध एवं क्षतिग्रस्त वायरिंग से आकस्मिक दुर्घटना को रोकने हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव की राशि लगभग रु० 2.5 लाख की राशि से कार्य कराने की अनुमति प्रदान की गई।

17) महाविद्यालय मे संचालित स्ववित्तीय विषयों की पुस्तकें क्रय करने हेतु रु. 5=00 लाख एवं परम्परा-गत विषयों की पुस्तकें क्रय करने हेतु रु. 5=00 लाख कुल अर्थात 10=00 लाख रु. की राशि स्वीकृत की गई।

(18) महाविद्यालय मे पुरानी जीर्ण-क्षीर्ण अलमारियों की मरम्मत हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव ( क्रय समिति द्वारा नियमानुसार अधीकृत डीलर ) को मान्य करते हुये रुपये 1.5 लाख से कार्य करने की अनुमति प्रदान की गई।

19) महाविद्यालय के अध्यापन कक्षो में 32 C.C.T.V कैमरे "जैम" द्वारा प्रदत्त दर सूचि अनुसार लगवाने की अनुमति प्रदान की गई।

20) छात्रावास की रात्रिकालीन सुरक्षा हेतु एक महिला सुरक्षा गार्ड नियुक्त करने की स्वीकृति प्रदाय की गई।

21) शारीरिक कल्याण शुल्क की विगत वर्षो की शेष राशि से - कबड्डी मेट जिसका मूल्य लगभग 05 लाख रुपये है खुली निविदा के आधार पर शारीरिक कल्याण शुल्क की शेष राशि से क्रय करने की अनुमति प्रदान की गई।

22) कार्यपालन यंत्री म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग सागर के पत्र क्र० 2526/का०यं/तक./संभाग सागर 2017 दि० 10/8/2017 के अनुसार महाविद्यालय - परिसर में निर्मित भूतल मे पार्किंग एवं प्रथमतल मे हाल के निर्माण कार्य का अधूरी स्थिति में हस्तांनांतरण किया गया है क्योकी पूर्व निर्धारित अनुबंध के अनुसार संयुक्त संन्चालक संभागीय योजना एवं सांख्यिकीय कार्यालय सागर से राशि रु० 8.785 लाख म.प्र गृह निर्माण मंडल सागर को प्रदाय नही किये गये है।

अतः म.प्र. गृह निर्माण मंडल सागर द्वारा छोड़े गये अधूरे कार्य को करने हेतु रु० 8.785/ लाख ( Eight-lacs

जनभागीदारी मद से व्यय करने की स्वीकृति प्रदान की गई। अध्यक्ष की अनुमति से व्यावसायिक स्तर पर एम. लिब, आई एस सी की कक्षायें प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया।

उपरोक्त सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किये गये।

31.8.17

(डॉ. ए.के. पटेरिया)
प्राचार्य / सचिव
जनभागीदारी समिति

(श्री. ए.के. सिंह)
आई.ए.एस
कलेक्टर / अध्यक्ष जनभागीदारी

- जनभागीदारी समिति -
— बैठक — दि० 29/5/2018

महाविद्यालय जनभागीदारी प्रबंधन समिति/सामान्य परिषद की बैठक आज दिनांक 29/5/2018 को शाम 4.30 बजे स्वाशासी प्रकोष्ठ मे समिति की अध्यक्ष श्रीमती ममता सिंह की अध्यक्षता मे आयोजित की गई।

बैठक मे सम्मानीय सदस्यों की उपस्थिति निम्नानुसार रही।

1 - श्रीमती ममता सिंह अध्यक्ष [signature]
2 - श्रीमती दीप्ती चंदेरिया - वि.प्र. Deepti Chanderiya
3 श्रीमती पुष्पा पटेल - - सदस्य [signature]
4 श्री धर्मेन्द्र - शर्मा -"- [signature] 29/5/18
5 डॉ पी०के दुबे -"- [signature] 29.5.2018
6 श्री नरेश कुमार जैन - -"- NKJ 29/5/18
7 श्रीमती सुषमा जैन - -"- सुषमा जैन
8 श्रीमती स्वाति हल्वे -"- S Halwe
9 श्रीमती स्वाति प्रासुक जैन - -"- Swati Jain
10 - श्री लक्ष्मण सिंह -"- [signature]
11 - श्री रूपसिंह ठाकुर -"- [signature]
12 - सुश्री मेधा श्रीवास्तव -"- [signature]
13 डॉ. जी.एस. रोहित (ए.डी) विशेष आ.स. [signature]
14 डॉ ए.के पटैरिया - प्राचार्य/सचिव
15 डॉ नवीन गिडियन - सदस्य
16 डॉ आलोक सहाय - -"-
17 डॉ आनंद तिवारी - सदस्य (वित्त)
18 डॉ संजय खरे - प्रभारी ज.समिति [signature]

बैठक का प्रारंभ माननीय अध्यक्ष महो० की अनुमति से किया गया एवं समिति के समक्ष प्रस्तुत एजेण्डा पर -

PAGE:
DATE: / /

चर्चा अनुसार निम्न प्रस्ताव सर्वसम्मिति से पारित किये गए।

- अध्यक्ष महोदय एवं सदन द्वारा नामांकित समिति का अनुमोदन किया गया।

- दिनांक 24।8।2017 को आयोजित सामान्य परिषद की बैठक मे पारित प्रस्ताव के क्रियान्वयन पर चर्चा उपरांत उनका अनुमोदन किया गया।

- विभिन्न शैक्षणिक विभागों मे शैक्षणिक भ्रमण के संबंध मे समिति ने प्रस्ताव पारित किया कि पूर्व वर्षों की भांति जो विभाग भ्रमण के लिए नामांकित किये गये थे एवं जो राशि निर्धारित की गई थी उसका अनुमोदन यथावत किया जाए।

- विभिन्न स्ववित्तीय एवं शासन द्वारा पोषित विभागों मे प्रायोगिक कार्य होते है उन्हे पूर्व वर्षों की भांति जनभागीदारी निधि से राशि प्रदाय करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

- दि० 26।5।2018 को आयोजित वित्त समिति की बैठक मे सत्र 2017-18 के वास्तविक एवं सत्र 2018-19 के सम्भावित बजट को मान० सदस्यों ने चर्चा उपरांत यथावत सर्वसम्मति से अनुमोदित करने का प्रस्ताव पारित किया।

- प्रयोगशालाओं मे अग्नि-संबंधी दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु अग्निशामक यंत्र क्रय करने हेतु चर्चा मे सदस्यो द्वारा यह कहा गया कि अग्निशामक यंत्र मे अलग-2 प्रकार के गैस यंत्र आते है अतः - प्रयोगशालाओं की आवश्यकतानुसार कुल 10 नग यंत्र अधिकृत डीलर से क्रय किए जाने का प्रस्ताव पारित

किया गया।

लोक निर्माण विभाग द्वारा महाविद्यालय मे निम्न कार्यो को करने हेतु प्राक्कलन उपलब्ध कराया गया था। विवरण निम्नानुसार है-

(अ) - रसायन शास्त्र प्रयोगशाला का विस्तार।

(ब) - रसायन शास्त्र विभाग से मुख्य नाली तक पक्की नाली का निर्माण कार्य

(स) भूगोल विभाग के सामने टीन शेड का निर्माण।

(द) महाविद्यालय भवन की पुताई का कार्य।

दन उपरोक्त कार्यो के सबंध मे समिति द्वारा (अ),(ब)(स) प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित कर प्राक्कलन अनुसार कार्य शीघ्र करने की अनुमति प्रदान की एवं प्रस्ताव -(द)- की राशि बहुत ज्यादा होने के कारण निविदाओं के - आधार पर प्राचार्य को नियमानुसार कार्य कराने की अनुमति प्रदान की गई।

जनभागीदारी शुल्क की राशि रु० 400/- मे वृद्धि कर शुल्क रु० 500/- प्रति छात्रा करने पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। अतः शुल्क मे रु० 100/- की वृद्धि की गई। यह वृद्धि सत्र 2018-19 से लागू होगी।

रसायन शास्त्र विभाग मे छात्राओं की संख्या अधिक होने के कारण प्रायोगिक सामग्री क्रय करने हेतु रु.03, लाख की राशि स्वीकृत की गई। एवं विभाग के गैस पाईप लाईन कार्य संबंधी प्रस्ताव को मान्य करते हुये रु.100-000/- अंकन एक लाख की राशि स्वीकृत की है।

महाविद्यालय के प्रशासनिक कार्यालय हेतु निम्न सामग्री क्रय करने की अनुमति प्रदाय करी गई एवं इस हेतु अनुमानित

PAGE :
DATE : / /

राशि रु. 3,00000/- अंक्म तीन लाख स्वीकृत किये गये।
(1) इन्वर्टर 01
(2) यू.पी.एस 01
(3) बैटरी 01

RUSA द्वारा निर्मित भवन मे 05 कक्षों हेतु 100 नग डुअल डेस्क अनुमानित लागत रु. 10,0000/- अंक्म दस लाख है जैम (Gem) से क्रय करने की अनुमति प्रदान की गई।

RUSA द्वारा नवनिर्मित सेमीनार हाल मे 85 Pushback चेयर्स जिसकी अनुमानित लागत रु. 10 लाख है जैम (Gem) से क्रय करने सबंधी प्रस्ताव पारित किया गया

नवनिर्मित कम्प्यूटर प्रयोगशाला हेतु 04 ए.सी. 02 टन के Gem से क्रय करने की अनुमति प्रदान की गई।

35 नग कम्प्यूटर कुर्सी, 10 नग अलमारी जैम (Gem) से क्रय करने संबंधी प्रस्ताव पारित किया गया उक्त सामग्री ए० एफ निधि से क्रय की जाना है।

शारीरिक शिक्षण शुल्क से खेल विभाग हेतु ओपन टेंडर प्रक्रिया द्वारा लगभग 04 लाख की राशि से कुरती मैट क्रय किये जाने संबंधी प्रस्ताव को मान्य किया गया।

छात्राओं को विभाग की योजनाओं एवं अन्य शैक्षणिक जानकारी उपलब्ध कराने हेतु 01 मल्टीमीडिया - कॉन प्रोजेक्टर एवं स्क्रीन जैम से क्रय करने के प्रस्ताव को पारित किया गया।

सर्वसम्मति से सदन द्वारा निर्णय लिया गया कि कलेक्टर दर पर कार्य कर रहे दैनिक श्रमिकों की योग्यता का परीक्षण किया जाए एवं जो दैनिक श्रमिक कम्प्यूटर ज्ञान सहित हिन्दी टाईपिंग। सी.पी.सी.टी परीक्षा उत्तीर्ण है एवं जो क्रीड़ा के क्षेत्र मे एम.पी.ई व एम.ए. योग सांईस - उपाधि धारक है उन्हे कुशल श्रमिक का मानदेय देय होगा। समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया कि महाविद्यालय मे बिजली एवं कम्प्यूटर सुधार कर रहे श्रमिकों को भी कुशल का पारि-श्रमिक देय होगा। यह पारिश्रमिक दि० 1/5/2018 से देय होगा। एवं श्रमिकों का मानदेय भुगतान किसी भी माह 25 दिवस से ज्यादा देय नही होगा।

महाविद्यालय परिसर मे RUSA मद से निर्मित भवन का लोकार्पण यथाशीघ्र किये जाने हेतु प्रस्ताव पर सदन द्वारा यह निर्णय लिया गया कि लोकार्पण हेतु मा० उच्च शिक्षा मंत्री एवं सागर जिले के मंत्री द्वय माननीय गोपाल भार्गव एवं मा० भूपेन्द्र सिंह से समय व चर्चा/तिथि लेकर उक्त आयोजन किया जाए।

महाविद्यालय को कलेक्टर, सागर द्वारा पुराने R.T.O कार्या-लय की लगभग 2½ एकड़ भूमि आवंटित की है एवं इस भूमि पर 12 कक्ष निर्मित करने हेतु उच्च शिक्षा विभाग ~~हेतु~~ द्वारा 6.62 करोड़ की राशि सीधे निर्माण एजेन्सी P.I.U. को स्थानांतरित कर दी गई है। अतः शीघ्र कार्य प्रारंभ करने हेतु चर्चा उपरांत मा० सदस्यों ने राय व्यक्त की कि उक्त राशि से निर्माण कार्य महाविद्यालय को पूर्व से उपलब्ध 20 एकड़ जमीन पर प्रारंभ किया जाना - चाहिये ताकि भविष्य मे महाविद्यालय के विस्तार मे कोई समस्या उत्पन्न न हो। तत्संबंध मे सदन मे यह निर्णय लिया गया कि चूंकि नगर विधायक की मंशा पुराने R.T.O

भूमि पर भवन निर्मित करने की है। अतः उसे पुनः पुनः चर्चा कर अंतिम निर्णय लिया जाए।

- इस महाविद्यालय को महिला विश्वविद्यालय बनाने के संबंध मे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इस हेतु जन आंदोलन, हस्ताक्षर अभियान संगोष्ठियाँ एवं जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेकर माननीय मुख्यमंत्री जी के समक्ष वि०वि० का प्रस्ताव रखा जाए।

- महाविद्यालय मे छात्राओं एवं महिला कर्मचारियों हेतु मात्र 01 महिला प्रसाधन होने के कारण महाविद्यालय परिसर मे 02 अतिरिक्त महिला प्रसाधन बनाने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया।

- प्राचार्य विवेकाधिकार निधि से व्यय की सीमा रु० 3.00 लाख करने की अनुशंसा की गई।

- महाविद्यालय परिसर मे अस्थाई पार्किंग हेतु 05 पेयर बेरीकेट्स क्रय करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

उपरोक्त सभी प्रस्तावों को सदन द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया।

(श्रीमती ममता सिंह)
अध्यक्ष
जनभागीदारी समिति

(डॉ. ए.के. पटैरिया)
सचिव / प्राचार्य
जनभागीदारी समिति

समिति बैठक दि० 9|8|2018

महाविद्यालय जनभागीदारी प्रबंधन समिति / सामान्य परिषद की बैठक आज दिनांक 9|8|2018 को शाम 4.00 बजे स्वाशासी प्रकोष्ठ मे समिति की अध्यक्ष श्रीमती ममता ठाकुर की अध्यक्षता मे आयोजित की गई।

बैठक मे सम्माननीय सदस्यों की उपस्थिति निम्नानुसार रही।

1, श्रीमती ममता ठाकुर अध्यक्ष
2, श्रीमती सुषमा यादव सांसद प्रतिनिधि
3 श्री संतोष जैन- सदस्य
4 श्री लक्ष्मण सिंह -"-
5 श्रीमती पुष्पा पटेल -"-
6 श्रीमती स्वाति जैन- -"- Swati Prasun Jain
7 श्रीमती स्वाति हल्वे -"-
8 श्री नरेश कुमार जैन- -"- NKJ
9 कु० मेधा श्रीवास्तव -"-
10. डॉ ए.के. पटेरिया सचिव
डॉ आनंद तिवारी सदस्य
11. डॉ. आलोक सराय -"-
12 डॉ. मनीष गिडियन -"-
13 डॉ संजय खरे -"-
14 श्री सुनील आठिया M.C

बैठक का प्रारंभ मा० अध्यक्ष महोदय की अनुमति उपरांत किया गया एवं समिति के समक्ष प्रस्तुत एजण्डा पर विचार / चर्चा उपरांत निम्न प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किये गये।

— दिनांक 29|8|2018 को आयोजित सामान्य परिषद की

बैठक मे पारित प्रस्ताव के क्रियान्वयन पर चर्चा कर उनका अनुमोदन किया गया।

- शासन द्वारा नियुक्त अतिथि विद्वान के संबंध मे जारी दिशा निर्देश जनभागीदारी द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों मे नियुक्त अ० वि० पर भी मान्य होगे, किन्तु मानदेय के संबंध मे मा० सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि जनभागीदारी मद से नियुक्त अ० वि० को न्यूनतम रु० 10,000/- प्रति माह या प्रति कालखंड रु० 275/- एवं अधिकतम प्रति दिवस 03 कालखंड के मान से रु० 825/- प्रति दिवस का भुगतान ही किया जावेगा।

- समिति द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया कि शासन द्वारा पोषित विभागों मे जहाँ छात्र संख्या अधिक है, जैसे रसायनशास्त्र, इतिहास, एवं समाजशास्त्र मे पूर्व वर्षो की भांति रसायनशास्त्र मे 02, इतिहास, समाजशास्त्र मे 01 अंग्रेजी विषय मे 02 अतिथि विद्वान व्यवस्था करने संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। ~~शास~~

- सत्र 2018-19 (वर्तमान शैक्षणिक सत्र) से महाविद्यालय मे अध्ययनरत छात्राओं हेतु ड्रेस कोड लागू करने संबंधी प्रस्ताव पर विचारोपरांत निर्णय लिया गया कि छात्राओं हेतु सलवार-कुर्ता ड्रेस लागू की जाए। छात्र संघ प्रभारी, छात्रसंघ अध्यक्ष एवं समिति सदस्य श्वेता हल्वे श्वेता जैन की गठित समिति ड्रेस का कलर एवं पैटर्न निर्धारित करेगी।

- रूसा द्वारा निर्मित नवीन कक्षो मे टाट-फर्नीचर हेतु राशि रु० 02/- लाख जनभागीदारी मद से स्वीकृत किये गए।

- जनभागीदारी द्वारा संचालित स्ववित्तीय विषयों में जहाँ प्रवेशार्थियों की प्रतिक्षा सूचि लंबित है, उन विषयों मे निम्नानुसार सीटो मे वृद्दि की अनुशंसा की गई।

  बी. लिब — 10 सीट
  एम. लिब — 10 सीट

- बैठक मे निर्णय लिया गया कि शासन द्वारा निशुल्क योजनान्तर्गत पात्र छात्राओं को परम्परागत विषयो मे ही प्रवेश दिया जावे, इन छात्राओं को स्ववित्तीय विषयो मे प्रवेश न दिया जाए। तत्संबंधी प्रस्ताव पारित किया गया।

- महाविद्यालय मे एम.ए. संगीत व एम.एस.सी गणित विषय को जनभागीदारी मद से प्रारंभ करने संबंधी पूर्व पारित प्रस्ताव का पुन: अनुमोदन किया गया।

- महाविद्यालय मे कलेक्टर दर पर जनभागीदारी निधि से संलग्न अकुशल सभी दैनिक श्रमिकों को माह अगस्त से अर्द्धकुशल (कलेक्टर दर) का मानदेय प्रदाय किया जाएगा एवं आगामी 05 वर्षो तक मानदेय बढोतरी संबंधी - प्रस्ताव बैठक के समक्ष प्रस्तुत न किए जाने का निर्णय लिया गया। तत्संबंधी प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई।

- बैठक मे यह निर्णय लिया गया कि जनभागीदारी मद से देय निशुल्क शिक्षा योजना जो वर्तमान मे 30 छात्राओं को प्रदाय की जा रही है अब वह 60 छात्राओं को देय होगी। इस योजनान्तर्गत 40 छात्रायें स्नातक स्तर पर एवं 20 छात्रायें स्नातकोत्तर स्तर पर लाभांवित होगी। योजना का लाभ पूर्व पारित प्रस्ताव अनुसार केवल पारम्परिक विषय मे अध्ययनरत छात्राओं को ही दिया जावेगा।

PAGE:
DATE: / /

बी.ए. द्वितीय वर्ष मे पाठ्यक्रम परिवर्तित होने के कारण पुस्तके क्रय करने हेतु जनभागीदारी मद से रु. 04=00 लाख स्वीकृत किये गये।

महाविद्यालय के विभागो एवं महिला प्रसाधन मे - आवश्यकतानुसार एल्युमिनियम से पार्टीशन कार्य कराने हेतु रु.05=00 लाख की राशि स्वीकृत करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

सत्र 2018-19 स्ववित्तीय पाठ्यक्रमो में जनभागीदारी समिति द्वारा आयोजित अतिथि विद्वानों एवं दैनिक श्रमिकों की प्रवृष्टि विभागीय पोर्टल पर होना प्रारंभ हो गई है अतः समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि स्ववित्तीय पाठ्यक्रमों एवं आधार पाठ्यक्रम हेतु छात्राओं से प्राप्त स्ववित्तीय एवं आ०पा० शुल्क को उचित एवं निस्पक्ष रुप से संचालित करने हेतु शेड्युल्ड बैंक एच.डी.एफ.सी मे एक बचत खाता खोला जावे एवं उसमे शुल्क संधारित किया जावे। खाते का संचालन नियमानुसार प्राचार्य / सचिव जनभागीदारी द्वारा किया जावेगा। उक्त प्रस्ताव का अनुमोदन समिति द्वारा किया गया।

महाविद्यालय को आवंटित 02 एकड़ भूमि पर शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ होना है अतः भूमि पूजन हेतु मा० मुख्यमंत्री जी या अन्य मंत्री से भूमि पूजन कार्यक्रम सम्पन्न करने हेतु सर्वसम्मति से सदस्य श्री लक्ष्मण सिंह जी को अधिकृत किया गया।

(हस्ताक्षर) 9/8/18
श्रीमति ममता ठाकुर
अध्यक्ष

(हस्ताक्षर)
डॉ. ए.के. पटेरिया
सचिव / प्राचार्य

कार्यालय प्राचार्य शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय सागर.

जनभागीदारी समिति बैठक (प्रबंधन एवं सामान्य परिषद बैठक)

दिनांक 13.12.2019

स्थान : प्राचार्य कक्ष

समय : अपरान्ह 4.00 बजे

कार्यवृत्त विवरण :-

(01) जनभागीदारी समिति बैठक दिनांक 09.08.2018 में पारित प्रस्तावों एवं तत्संबंधी प्रस्तावों के क्रियान्वयन का अनुमोदन.

(02) दिनांक 12.10.2019 को आयोजित वित्त समिति में पारित नवीन वित्तीय ~~समिति~~ प्रस्तावों की स्वीकृति.

(03) अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रस्तावों पर विचार-विमर्श,

उपस्थित सदस्यगण :

| | | |
|---|---|---|
| 01. | श्रीमती प्रीति मैथिल नायक | अध्यक्ष |
| 02. | सुश्री लाया चंत्री | सदस्य (सांसद प्रतिनिधि) |
| 03 | श्रीमती दीप्ति चंदेरिया | सदस्य (विधायक प्रतिनिधि) |
| 04. | डॉ. इला तिवारी | सचिव |

कार्यवाही विवरण :-

माननीय अध्यक्ष महोदया की अनुमति पश्चात जनभागीदारी प्रबंधन एवं सामान्य परिषद बैठक, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि की उपस्थिति में प्रारंभ की गई.

प्रस्ताव क्र. 01. दिनांक 09.08.2018 को पूर्व आयोजित जनभागीदारी सामान्य परिषद बैठक में पारित प्रस्तावों का पुष्टिकरण एवं प्रस्तावों के क्रियान्वयन का अनुमोदन.

निर्णय :- मान्य किया गया.

प्रस्ताव क्र. 02. दिनांक 12.10.2019 को आयोजित वित्तीय प्रस्तावों का अनुमोदन :-

(i) वाणिज्य विभाग में छात्रा संख्या तथा कार्यभार की अधिकता को दृष्टिगत रखते हुए जनभागीदारी मद से एक अतिथि विद्वान की व्यवस्था हेतु प्रस्ताव. प्रस्तावित है;

निर्णय :- मान्य किया गया. अतिथि चयन प्रक्रिया पारदर्शी होना चाहिए.

(ii) स्ववित्तीय पाठ्यक्रम एवं परम्परागत पाठ्यक्रम की पुस्तकों के क्रय हेतु 800000=00 (आठ लाख रुपये) तथा संदर्भ ग्रंथ हेतु 300 000=00 (तीन लाख रुपये) प्रस्ताव है.

निर्णय :- मान्य किया गया. पुस्तकों की सूची क्रय से पूर्व, अध्यक्ष महोदया को दिखायी जाये.

(iii) परम्परागत पाठ्यक्रम के प्रायोगिक कार्य हेतु 265000=00 (दो लाख पैंसठ हजार रुपये) प्रस्तावित हैं.

DATE: / /

निर्णय: मान्य किया गया

(iv) स्ववित्तीय पाठ्यक्रम में प्रायोगिक उपकरण तथा प्रायोगिक कार्य हेतु क्रमशः 260,000=00 (दो लाख साठ हजार रुपये) तथा 140000=00 (एक लाख चालीस हजार रुपये) प्रस्तावित हैं.

निर्णय: मान्य किया गया.

(v) विगत वर्षों की भाँति रसायन विज्ञान विभाग में प्रायोगिक कार्य हेतु 300000=00 (तीन लाख रुपये) प्रस्तावित हैं.

निर्णय: मान्य किया गया.

अध्यक्ष महोदया द्वारा महाविद्यालयीन छात्राओं की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए रॉयलेर निर्माण हेतु 10,00,000=00 (दस लाख रुपये) की राशि स्वीकृत की गई रॉयलेर निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा प्राक्कलन प्राप्त कर अधिकृत निर्माण एजेंसी द्वारा कराने हेतु निर्देश जारी किया गया. सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया. विकास शुल्क, वर्तमान शुल्क 500 रुपये से बढ़ाकर 1000 रुपये किये जाने संबंधी प्रस्ताव अमान्य किया गया.

श्रीमती प्रीति मैथिल नायक
अध्यक्ष / कलेक्टर
सागर

डॉ. इला तिवारी
सचिव जनभागीदारी समिति
शास. कन्या महा. सागर

कार्यालय प्राचार्य शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय सागर .

जनभागीदारी समिति बैठक (सामान्य परिषद एवं वित्तीय प्रबंध)

दिनांक 12.11.2020

स्थान : क्लस्टर सभा कक्ष

समय: अपरान्ह 4.00 बजे

कार्यवृत्त विवरण:-

(01) विगत बैठक दिनांक 13.12.19 में लिये गये निर्णयों का पुष्टिकरण.

(02) दिनांक 19.08.20 तथा दिनांक 10.10.20 को आयोजित वित्त समिति में पारित नवीन वित्तीय प्रस्तावों का अनुमोदन

(03) वित्तीय वर्ष 2019-20 बजट का अनुमोदन

(04) अध्यक्ष की अनुमति से अन्य बिन्दुओं पर चर्चा

उपस्थित सदस्य गण:

(01) श्री दीपक सिंह अध्यक्ष

(02) सुश्री तान्या चक्री सांसद प्रतिनिधि

(03) श्रीमती दीप्ति चंदेरिया विधायक प्रतिनिधि

(04) प्रो. बी.डी. अहिरवार सचिव

(05) डॉ. आनंद तिवारी सदस्य 12.11.20

(06) डॉ. पद्मा आचार्य सदस्य 12.11.20

(07) डॉ. नवीन गिडियन सदस्य 12.11.20

(08) डॉ. एस.एल. साहू सदस्य 12.11.20

(09) मनोज नेमा PRO

सूक्ष्म विवरण:-

(01) विगत जनभागीदारी बैठक दिनांक 13.12.19 में लिए निर्णयों के क्रियान्वयन का पुष्टीकरण.

निर्णय: मान्य किया गया.

(02) महाविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तर पर 15 तथा स्नातक पर 21 विभागों में शिक्षण एवं शोध कार्य उन्नयन हेतु शोध पत्र पत्रिकाओं (Research Journal) पर 150000 रुपये तथा पुस्तकालय डिजीटलाईजेशन पर अनुमानित व्यय 500000 रुपये प्रस्तावित है.

निर्णय: ~~संशोधित आर्थिक सम्पर्क कराने की दृष्टि से~~ P.W.D प्राक्कलन के आधार पर PWD
मान्य किया गया

DATE: / /

~~में पंजीकृत ठेकेदारों से PWD से मूल्यांकन~~ कराते हुए कार्य निष्पादन किया जाये.

(03) महाविद्यालय के पुराने भवन में संचालित अंग्रेजी, हिन्दी, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र एवं अर्थशास्त्र विभागों में जीर्णोद्धार हेतु लोक निर्माण विभाग के प्राक्कलन के अनुसार 13,33,000 रुपये व्यय प्रस्तावित है.

निर्णय: संशोधित कार्य शीघ्रता से सम्पन्न कराने की दृष्टि से PWD प्राक्कलन के आधार पर PWD में पंजीकृत ठेकेदारों से PWD से मूल्यांकन कराते हुए कार्य करवाया जाये

(04) महाविद्यालय में 21 शैक्षणिक विभाग तथा 30 क्लास रूम हैं कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम हेतु सेनेटाईजर एवं अन्य सामग्री पर अनुमानित व्यय राशि 2,00,000 रुपये अनुमानित है.

निर्णय: यथावत पारित.

(05) स्वशासी प्रकोष्ठ/ स्वशासी कक्ष तथा मनोविज्ञान विभाग के पुरुष टॉयलेट वेद स्थिति में जिन्हें उपयोग बनाने हेतु सुधार एवं मरम्मत पर अनुमानित व्यय राशि 200 000 रुपये अनुमानित है.

निर्णय: प्रस्ताव मान्य / पारित किया जाता है

(06) वर्तमान में महाविद्यालय की छात्रा संख्या को दृष्टिगत रखते हुए अपर्याप्त टायलेट हैं अतः पुरुष टायलेट (जो महिला टायलेट के बाजू में है) का पुनर्निर्माण कर महिला टायलेट बना दिया जाये लोक निर्माण विभाग के प्राक्कलन के अनुसार 119000 रुपये व्यय प्रस्तावित है एवं पुरुष टायलेट पर 100,000 रुपये व्यय प्रस्तावित है.

निर्णय: प्रस्ताव यथावत पारित किया जाता है.

(07) विश्व बैंक परियोजना के अंतर्गत एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों हेतु विद्यार्थी कल्याण तथा साहित्यिक सांस्कृतिक उन्नयन हेतु क्रमशः 1,00,000 रु. 100000 रु. व्यय प्रस्तावित है.

निर्णय: प्रस्ताव मान्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों में परामर्शदात्री सेवायें भी ली जा सकती हैं.

(08) आकस्मिकता एवं कार्यभारित व्यय हेतु 100000 रुपये व्यय प्रस्तावित है.

निर्णय: यथावत पारित / मान्य किया जाता है.

(09) महाविद्यालय के क्रीडा एवं कक्ष में जनभागीदारी बैठक हेतु डायस बनवाने तथा कांफ्रेंसिंग सिस्टम की संस्थापना हेतु 100000 रु व्यय राशि प्रस्तावित है।
निर्णय:: प्रस्ताव यथावत पारित/ मान्य किया जाता है।

(10) कला भवन में भूतल पर पाँच कक्ष निर्मित हैं जिनका विभाजन कर इनकी संख्या दुगुनी किया जाना है जिस पर रलाई पार्टीशन हेतु चालीस हजार रुपये प्रति कक्ष की दर से 200000 रु. व्यय अनुमानित है।
निर्णय: यथावत पारित

(11) अध्यापन कार्य को अद्यतन करने हेतु 30 शिक्षण कक्षों में साउंड सिस्टम, पोडियम सहित स्थापित किया जाना है अनुमानित व्यय राशि 300000 रु. प्रस्तावित है.
निर्णय: प्रस्ताव मान्य करते हुए पारित किया जाता है।

(12) कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा म.प्र.शासन के परिपत्र क्रमांक 55417 दिनांक 04.08.20 एवं पत्र क्रमांक 744 दिनांक 29.09.20 के निर्देशानुसार प्रवेश प्रक्रिया हेतु तीन काउंटर की स्थापना की जानी है तथा आनलाइन क्लासेज हेतु वायफाय व इंटरनेट की व्यवस्था संबंधी अनुमानित व्यय 200000 रु प्रस्तावित है.
निर्णय:: यथावत पारित। मान्य किया जाता है.

(13) सेमीनार हाल में चार ए.सी स्थापित किया जाना है अनुमानित व्यय 200000 रु प्रस्तावित है:
निर्णय: संशोधित दो एसी दो टन के एवं सुसज्जित फर्नीचर की व्यवस्था की जावे.

(14) शिक्षण गुणवत्ता हेतु 40 कक्षों में रायपोट एवं डस्टर आई डी के प्रबंधन पर प्रस्तावित व्यय 120000 है.
निर्णय: यथावत पारित किया जाता है

(15) वर्षभर में आनेवाले विविध व्ययों की आपूर्ति हेतु प्राचार्य के विवेकाधीन 500000 रु व्यय प्रस्तावित है.
निर्णय: प्रस्ताव यथावत किया जाता है

(16) छात्राओं की सुरक्षा हेतु 5 शस्त्रधारी सुरक्षा गार्ड को निविदा आमंत्रण तथा लिखित अनुबंध पर रखा जाना प्रस्तावित है अनुमानित व्यय 720000 रु. होगा। आमंत्रित निविदाओं में से जिस फर्म का न्यूनतम सर्विस चार्ज आया है उसने 0.000% रेट दिया है.

निर्णय: यह निविदा को वित्त विभाग के परिपत्र २४(1) २०१५ PPU दिल्ली २8.1.15 के तहत Hullcu wide है अतः इसके उस की निविदा जिसमें न्यूनतम दर 0.0001% सर्विस चार्ज दर्शायी है उसे मान्य किया जाये

(17) प्रायोगिक कार्य हेतु विभिन्न विभागों को 500000 रु. व्यय प्रस्तावित है.

निर्णय: प्रस्ताव मान्य/ पारित किया जाता है

(18) कक्ष क्रमांक 06, 07, 08, 09, 16 एवं 17 के जीर्णोद्धार हेतु लोक निर्माण विभाग से 514000 रु का प्राक्कलन प्राप्त हुआ है व्यय प्रस्तावित है.

निर्णय: प्रस्ताव पारित किया जाता है

(19) सम्बद्धता शुल्क जीएसटी सहित 450000 रु. प्रस्तावित है.

निर्णय: प्रस्ताव पारित.

(20) प्रवेशार्थियों से बकाया शुल्क की प्रथम किश्त दिसम्बर 2020 तथा द्वितीय किश्त फरवरी २०२० में स्वयं तथा स्ववित्तीय पाठ्यक्रम शुल्क यथाशीघ्र वसूल किये जाने संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत है.

निर्णय: प्रस्ताव मान्य करते हुए पारित किया जाता है.

(21) गृहविज्ञान विभाग के जीर्णोद्धार हेतु लोक निर्माण विभाग के प्राक्कलन के अनुसार 147000 रु. व्यय अनुमानित है.

निर्णय: प्रस्ताव मान्य/ पारित किया जाता है

(22) एम ए भूगोल, इतिहास संस्कृत एम एस सी प्राणीविज्ञान, भौतिक विज्ञान गणित हेतु शासन स्तर पर पाठ्यक्रम आरंभ करने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया जाना है.

निर्णय: प्रस्ताव पारित.

स्ववित्तीय पाठ्यक्रम विषयक प्रस्ताव

प्रस्ताव (1) अतिथि विद्वानों का मानदेय 825 रु. प्रति कार्य दिवस की दर से अधिकतम 12 माह हेतु प्रस्तावित है।

निर्णय: विभिन्न स्टेक होल्डर से विमर्श पहले शुल्क बढ़ाया जाये तथा फीस वृद्धि की स्थिति में पुनः चर्चा हेतु प्रस्ताव लाया जाये

प्रस्ताव (2) शिक्षण कक्षों में 50 सी.सी.टी.वी. कैमरे GeM की दरों क्रय किया जाना प्रस्तावित है.

निर्णय: प्रस्ताव मान्य/पारित

जनभागीदारी मद से स्ववित्तीय पाठ्यक्रम हेतु की गई प्रतिपूर्ति के समायोजन का प्रस्ताव है

निर्णय: मान्य/पारित

प्रस्ताव (3) शैक्षणिक सत्र 2019-20 में (1.4.19 – 30.6.20) तक स्ववित्तीय मद में आय 9602325 रु. तथा वास्तविक व्यय 12611368 रु. हुआ शुद्ध घाटा 30,08,543 रु. हुआ जिसकी प्रतिपूर्ति जनभागीदारी मद से की गई अनुमोदनार्थ प्रस्ताव प्रस्तुत है.

निर्णय: प्रस्ताव पारित किया जाता है।

प्रस्ताव (4) जनभागीदारी/स्ववित्तीय मद का आय व्यय बजट वास्तविक 2019-20 तथा अनुमानित 2020-21 अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है.

निर्णय: मान्य/पारित

प्रस्ताव (5) जनभागीदारी विकास शुल्क 500 रु. से बढ़ाकर 1000 रु. किया जाना प्रस्तावित है तथा स्ववित्तीय पाठ्यक्रम शुल्क में 25% वृद्धि प्रस्तावित है. वातावरण अनुसार सहमति

निर्णय: विभिन्न स्टेक होल्डर से चर्चा प्रथमतः फीस में वृद्धि की जाये तथा फीस वृद्धि की स्थिति में प्रस्ताव पुनः रखा जाये

प्रस्ताव (6) प्राप्त शुल्क में से प्रत्येक विभाग हेतु 10% राशि आरक्षित कोष के रूप में रखा जाये

निर्णय पारित/मान्य

प्रस्ताव (7) विभागों के अध्ययन हेतु 4476996 का प्रावधान किया गया

निर्णय: पारित/मान्य

प्रस्ताव (8) आधार पाठ्यक्रम तथा परंपरागत पाठ्यक्रम में वैकल्पिक व्यवस्था के सैद्धांतिक पाठ्यक्रम पूर्ण होने तक व्यवस्था की जाये उन विषयों में प्रमुख से पद स्वीकृत नहीं है

निर्णय: मान्य

प्रस्ताव (ख) दैनिक वेतन भोगियों का ई.पी.एफ. 13% काटा जाना प्रस्तावित है जिस पर अनुमानित व्यय 80000 रु प्रस्तावित है

निर्णय: वर्तमान व्यवस्था को यथावत जारी रखते हुए आगामी प्रक्रिया यथा- लेबर कॉन्ट्रैक्ट एवं मैनपावर के आउट सोर्सिंग की व्यवस्था की जाये.

(श्री दीपक सिंह)
कलेक्टर/जनभागीदारी अध्यक्ष
कार्यालय जिला कलेक्टर सागर

डॉ. ए.डी. अहिरवार
प्राचार्य/सचिव
(जनभागीदारी समिति)
शास. स्व. कन्या महा. सागर